Title: Regarding replacement of feeble power transmission lines and installation of transformers of adequate power in Amroha, Uttar Pradesh-Laid.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा में शहर से लेकर गांवों तक विद्युत तार और खंभे काफी जर्जर हो गए हैं और उनके रखरखाव तथा मरम्मत की व्यवस्था कभी ठीक से नही होती है जिससे जर्जर तार एवं झुके खंभे आंधी में टूट कर गिर जाते हैं। विभाग द्वारा किसी तरह जोड़तोड़ कर बिजली चालू कर दी जाती है जिस से हमेशा फाल्ट होता रहता है और सप्लाई बन्द होने के कारण जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। पुराने तारों के कारण ज़रूरत के मुताबिक विद्युत व्यवस्था में सुधार कर पाना सम्भव नही हो पा रहा है। लटकते- झूलते तारों के कारण किसानों की गन्ना व गेहूं की फसल हर वर्ष आग की भेंट चढ़ जाती है। यहाँ ट्रांसफार्मर की भारी कमी एवं कई स्थानों पर खपत से कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के कारण लोड शेडिंग की समस्या बनी रहती है, विद्युत उपकेन्द्र भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। अतः सरकार से मेरी मांग है यहाँ भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने एवं लोगों के जान व माल की रक्षा एवं सुविधा हेतु क्षेत्र के सभी जर्जर तारों को शीघ्र बदलवाने एवं क्षमता के अनुकूल ट्रांसफार्मर लगवाने हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देशित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने की कृपा करें ।